Helpline 1064

94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

## प्रेस नोट

- **जोधपुर में राजकीय मथुरादास माथुर अस्पताल की ई.सी.जी. टेक्निशियन एवं एक संविदाकर्मी 3 हजार 600 रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार**

जयपुर, *28 जून, शुक्रवार।* ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. स्पेशल यूनिट, जोधपुर इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये **सुश्री वैशाली शर्मा ई.सी.जी. टेक्निशियन एवं पीयूष शर्मा ई.सी.जी. टेक्निशियन (संविदाकर्मी) पैरामेडिकल शाखा राजकीय मथुरादास माथुर चिकित्सालय, जोधपुर** को परिवादी से **3 हजार 600 रुपये** रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

**भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा** ने बताया कि ए.सी.बी. की स्पेशल यूनिट, जोधपुर इकाई को परिवादी द्वारा एक शिकायत इस आशय की दी गई कि संविदाकर्मियों की उपस्थिति कार्य दिवस से ज्यादा भेजने की एवज में सुश्री वैशाली शर्मा ई.सी.जी. टेक्निशियन द्वारा पीयूष शर्मा ई.सी.जी. टेक्निशियन (संविदाकर्मी) पैरामेडिकल शाखा राजकीय मथुरादास माथुर चिकित्सालय, जोधपुर के माध्यम से **3 हजार 600 रुपये** रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी जोधपुर के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री हरेन्द्र महावर** के सुपरवीजन में ए.सी.बी. स्पेशल यूनिट, जोधपुर इकाई के **उप अधीक्षक पुलिस श्री गोरधनराम** के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज उनके द्वारा मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपीगण सुश्री वैशाली शर्मा ई.सी.जी. टेक्निशियन द्वारा पीयूष शर्मा ई.सी.जी. टेक्निशियन (संविदाकर्मी) पैरामेडिकल शाखा राजकीय मथुरादास माथुर चिकित्सालय, जोधपुर को परिवादी से **3 हजार 600 रुपये** रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

**एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** के सुपरवीजन में आरोपीगण से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

**भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा** ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***टोल–फ्री हैल्पलाईन नं.* 1064** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.* 94135–02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।**